भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या– 181
दिनांक 12.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

मध्य पूर्व से भारतीयों का निष्क्रमण

*181. **श्री राजीव रायः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान मध्य पूर्व से कितने भारतीयों का निष्क्रमण किया गया है;

(ख) क्या वर्ष 2014 से बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के लोग अपने निष्क्रमण की प्रतीक्षा कर रहे हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा इस क्षेत्र से उन्हें निष्क्रमित किए जाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

और

(घ) इन सभी लोगों को कब तक वहां से सुरक्षित निष्क्रमित कर लिए जाने की संभावना है?

उत्तर
विदेश मंत्री
[डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर]

(क से घ) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

मध्य पूर्व से निष्क्रमण के संबंध में दि. 12.12.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *181 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) से (घ) भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान मध्य पूर्व में इज़राइल, ईरान, सीरिया और इराक से 5945 भारतीय नागरिकों को निकाला, जिसमें 2023 में इज़राइल में ऑपरेशन अजय तथा 2025 में ईरान और इज़राइल में ऑपरेशन सिंधु शामिल है। कुल 1474 निकाले गए भारतीय नागरिक उत्तर प्रदेश के थे। सरकार ने 45 दिवंगत भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर के परिवहन हेतु एक विशेष मानवीय एयरलिफ्ट भी किया। इन्होंने 2024 में कुवैत में एक दुखद आगजनी की घटना में अपनी जान गंवा दी, जिसमें उत्तर प्रदेश के 3 नागरिक शामिल थे। अभियानों/निकासियों का विवरण अनुबंध-I में संलग्न हैं।

सरकार मध्य पूर्व क्षेत्र सहित पूरे विश्व में होने वाली किसी भी प्रतिकूल स्थिति की बारीकी से निगरानी करती है। मौजूदा परिस्थितियों के आधार पर, सरकार भारतीय नागरिकों को अनावश्यक यात्रा से बचने, स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा जारी सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने और प्रकाशित हेल्पलाइन नंबरों एवं अन्य संचार तंत्रों पर भारतीय मिशनों के संपर्क में रहने के लिए परामर्शी जारी करती है। जहां भी आवश्यक हो, सरकार फंसे हुए भारतीय नागरिकों को सुरक्षित रूप से निकालने के लिए समग्र सरकारी दृष्टिकोण के साथ निकासी अभियान शुरू करती है। सरकार विशेष वाहनों और निकासी उड़ानों की निःशुल्क व्यवस्था करके सुरक्षित आश्रय, भोजन, स्थानीय और सीमा पार आवाजाही तथा परिवहन सहित संभार तंत्रीय सहायता प्रदान करती है। सरकार के निकासी अभियान सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता देते हैं, चाहे वह किसी भी राज्य से संबंधित हों। वर्तमान में, भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए किसी भी संभावित खतरे या मध्य पूर्वी क्षेत्र से भारतीय नागरिकों की निकासी की आवश्यकता वाली किसी भी स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

अनुबंध- I

पिछले तीन वर्षों के दौरान निकासियों/ अभियानों का विवरण

वर्ष	देश और ऑपरेशन का नाम	निकाले गए लोगों की कुल संख्या	उत्तर प्रदेश से संबंधित भारतीय नागरिक
2023	इज़राइल ऑपरेशन *अजय*	1,343 (14 ओसीआई कार्ड धारक और 20 विदेशी नागरिकों सहित)	145
2024	कुवैत (मानवीय एयरलिफ्ट से पार्थिव शरीर को ले जाना)	45	3
2025	ईरान ऑपरेशन *सिंधु*	3597	1198
2025	इज़राइल ऑपरेशन *सिंधु*	818	92
2022 से 2025	इराक	135	32
2024 और 2025	सीरिया	86	7

*****